# कांग्रेस प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव ने दाखिल किया नाम निर्देशन पत्र

## भोपाल लोकसभा सीट पर अब तक 11 पर्चे जमा, दो दिन शेष

भोपाल (काप्र)।

**भोपाल लोकसभा सीट के लिए नॉमिनेशन के तीसरे दिन कांग्रेस प्रत्याशी अरुण कुमार श्रीवास्तव ने नामांकन दाखिल किया।**

अब तक कुल 11 नॉमिनेशन भरे जा चुके हैं, जबकि 31 लोगों ने फॉर्म लिए हैं। 19 अप्रैल तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। कांग्रेस के अरुण श्रीवास्तव 19 को भी नामांकन जमा करेंगे। इस दौरान कांग्रेस के बड़े नेता भी उनके साथ होंगे। मंगलवार को कांग्रेस प्रत्याशी के अलावा 6 अन्य ने भी नामांकन जमा किए हैं। मंगलवार को चौथे कैंडिडेट भी सिक्के लेकर पहुंचे। अखिल भारतीय आरक्षित समाज पार्टी के मुदित चौरसिया ने नामांकन भरा। वे 1,2,5,10 और 20 रुपए के सिक्के थैलियों में लेकर पहुंचे। इससे पहले 12 अप्रैल को मुदित भटनागर 6 हजार के सिक्के लेकर पहुंचे थे। 15 अप्रैल को संजय सरोज समेत 2 कैंडिडेट 49 हजार के सिक्के लेकर आए थे, लेकिन सिक्के गिनने में समय लग गया था, इसलिए वे नामांकन जमा नहीं कर पाए थे।

नामांकन के लिए यूं तो 3 दिन है, लेकिन एक दिन छुट्टी होने से नामांकन नहीं लिए जा सकेंगे। ऐसे में उम्मीदवारों को सिर्फ 2 दिन ही मिलेंगे। 18 और 19 अप्रैल को ही नामांकन जमा हो सकेंगे। नॉमिनेशन के चलते कलेक्टोरेट के 100 मीटर के दायरे में बेरिकेडिंग की गई है। 40 से ज्यादा पुलिस अधिकारी और जवान तैनात किए गए हैं।

### भाजपा प्रत्याशी कल करेंगे नामांकन

भाजपा उम्मीदवार आलोक शर्मा 18 अप्रैल को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इससे पहले सुबह 10.30 बजे सोमवारा स्थित भवानी मंदिर से शर्मा की नामांकन रैली शुरू होगी। रैली में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा भी शामिल होंगे।

# उत्कृष्टता संस्थान में कौन बनेगा वोटर नम्बर-वन क्विज

भोपाल (काप्र)।

**उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान में लोकसभा चुनाव महापर्व के अंतर्गत स्वीप द्वारा लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत एवं लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु आज कौन बनेगा वोटर नंबर-वन क्विज का आयोजन किया गया।**




प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में स्वीप टीम के सदस्य रविकांत ठाकुर व मोहन मालवीय उपस्थित रहे। अतिथि के रूप में संस्थान संचालक डॉ.प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल व डॉ. प्रीती मिश्रा, डॉ. मीनाक्षी राठी एवं श्रीमती अंकिता पटेल उपस्थित रहे। क्विज प्रतियोगिता की शुरुआत मतदाता शपथ ग्रहण से की गयी जिसमें संचालक डॉ. अग्रवाल द्वारा समस्त उपस्थित जनों को मतदान की शपथ दिलायी गयी। इसके पश्चात क्विज का शुभारम्भ रविकांतद्वारा क्विज के नियम बताकर किया गया जिसमें मुख्य रूप से 6 राउंड हुए एवं 6 राउंड में जिन भी विद्यार्थियों ने सही जवाब दे कर सर्वाधिक अंक प्राप्त किये उन 10 विद्यार्थियों को डीबी मॉल में राज्य स्तर क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

प्रतियोगिता में मुख्य रूप से मतदान, निर्वाचन, व ई. वी.पी मशीन से सम्बन्धित प्रश्न पूछे गये। क्विज प्रतियोगिता के दौरान दर्शक दीर्घा में बैठे श्रोताओं हेतु भी प्रश्न दिए गए, जो भी श्रोता प्रश्नों के सही जवाब दे रहे थे उनका नाम लक्की ड्रा हेतु चयन किया गया। प्रतियोगिता कुल 2 राउंड में सम्पन्न की गयी। टॉप 10 विद्यार्थियों का परिणाम घोषित करना आयोजकों हेतु बहुत ही कठिन रहा क्योंकि लगभग सभी प्रतिभागियों द्वारा प्रश्नों के सही जवाब दिये गये। कौन बनेगा वोटर नंबर - 1 प्रतियोगिता में संस्थान से कुल 92 बच्चों ने भाग लिया। स्वीप द्वारा इस प्रतियोगिता का आयोजन करवाने का मुख्य उद्देश्य युवा समुदाय को मतदान करने हेतु जागरूक एवं चुनाव से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी प्राप्त करवाना रहा।



भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी एवं प्रदेश कार्यायल मंत्री डॉ. राघवेंद्र शर्मा के समक्ष मंडला जिले की जिला पंचायत सदस्य व प्रदेश सचिव महिला कांग्रेस श्रीमती कौशल्या मरावी ने भाजपा की सदस्या ग्रहण की। श्री सबनानी एवं श्री शर्मा ने अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा के मीडिया प्रभारी सूरज खरे एवं सह कार्यालय मंत्री जगन्नाथ बबिसा उपस्थित रहे।

# भारत की ज्ञान विज्ञान परम्परा पर व्याख्यान आज

भोपाल (काप्र)।

**विज्ञान भारती मध्य भारत प्रांत द्वारा स्व.जयंतराव सहस्त्रबुद्धे के जन्मदिवस पर भारत की ज्ञान विज्ञान परम्परा पर व्याख्यान का आयोजन 17 अप्रैल को राज्य पशुपालन प्रशिक्षण संस्थानसभागार, कुक्कुट भवन में सायं 5 बजे से आयोजित किया गया है।**

इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रसिद्ध पुरातत्वविद, साउथ एशियन आर्केलाजी सोसायटी के संस्थापक एवं डेक्कन कालेज के पूर्व कुलपति डॉ. वसंत शिंदे होंगे। डॉ. वसंत शिंदे हड़प्पा संस्कृति की राखीगढी साइट के डीएनए परीक्षण के लिये भी विश्व प्रसिद्ध है।इस कार्यक्रम में प्रवेश एवं शुल्क नियामक समिति के अध्यक्ष प्रो. रविन्द्ररामचन्द्र कान्हेरे विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री अशोक पाण्डेय,माननीय प्रांत संघचालक मध्यभारत प्रांत द्वारा की जायेगी।

विदित है कि स्व. जयंतराव सहस्त्रबुद्धे एक प्रसिद्ध चिंतक एवं दार्शनिक रहे हैं, जिन्होंने विज्ञान को एक स्वदेशी आंदोलन के रूप में आमजन तक विज्ञान की पहुंच पर अपने अंतिम समय तक कार्य किया । उनकी स्मृति में यह व्याख्यानमाला आयोजित की जा रही है। श्री सहस्त्रबुद्धे द्वारा रचित पुस्तक ''भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में भारतीयवैज्ञानिकों का योगदान'' एवं इस पर उनके व्याख्यान पूरे देश में चर्चित रहे हैं।

# बेटे ने पिता के साथ की मारपीट

**भोपाल ( काप्र )।** जहांगीराबाद थाना इलाके में आरोपी बेटे ने विवाद के चलते पिता के साथ मारपीट करते हुए उनके सिर पर वार कर घायल कर दिया। बताया गया है कि घटना के समय पिता नशे की हालत में था। पुलिस के मुताबिक 45 वर्षीय विरेन्द्र कुशवाहा कोलीपुरा में किराए से रहता है। अपनी शिकायत में उसने बताया कि बीती शाम को उसका बेटे रितिक कुशवाहा से मकान के किराये को लेकर विवाद हो गया था। बढ़ते विवाद के बीच बेटे ने उसके साथ गाली गलौच करनी शुरु कर दी। पिता ने जब उसका विरोध किया तब उसने मारपीट करते हुए सिर पर धारदार चीज से वार कर दिया। जिसके कारण उसके सिर से खून निकल आया। बाद में पुलिस ने घायल की शिकायत पर उसके बेटे के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक बेटे का कहना है कि पिता नशे के आदि है, और शराब पीकर आये दिन घर में हंगामा करते है। घटना वाले दिन उसने पिता से शराब पीकर घर न आने की बात कही थी, जिसपर पिता ने झगड़ा करना शुरु कर दिया। पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है।

# 5वीं नेशनल अंडरग्रेजुएट फिजियोलॉजी क्विज की मेजबानी करेगा एम्स

**भोपाल।** एम्स के कार्यपालक निदेशक, प्रो. अजय सिंह हमेशा ही छात्रों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देते हैं। जिसमें केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता ही नहीं बल्कि सह-पाठ्यचर्या (सीसीए) संबंधी गतिविधियों भी शामिल हैं। सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के बिना शिक्षा, आत्मा को शिक्षित किए बिना मन को शिक्षित करने के समान है।

ये ऐसी गतिविधियाँ हैं जिनके माध्यम से एक छात्र अपनी क्षमताओं का पता लगाता है, अपनी कमजोरी को मिटाता है और जीवन की एक व्यापक दृष्टि बनाता है। इस दृष्टिकोण के अनुरूप, एम्स के फिजियोलॉजी विभाग द्वारा नेशनल अंडरग्रेजुएट फिजियोलॉजी क्विज के पांचवे संस्करण का आयोजन 18, 19 और 25 अप्रैल को किया जा रहा है। स्क्रीनिंग राउंड 18 और 19 अप्रैल को होंगे, जिसमें शरीर विज्ञान के क्षेत्र में प्रतिभागियों के ज्ञान और कौशल की कड़ी परीक्षा होगी। इस क्विज प्रतियोगिता को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है, जिसमें पूरे भारत से लगभग 50 टीमों ने पंजीकरण कराया है। स्क्रीनिंग राउंड से विजयी होने वाली शीर्ष 5 टीमें 25 अप्रैल को होने वाले फाइनल का हिस्सा बनेंगी। इस समापन मुकाबले में ये टीमें बुद्धि और बुद्धिमत्ता की लड़ाई में वर्चस्व के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

निर्धारित मानक अनुसार चेम्बर न बनाने पर...

# जियो एवं आइडिया कंपनी को होगा नोटिस जारी, जुर्माना लगेगा

भोपाल (काप्र)।

**नगर निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने शहर की साफ-सफाई व्यवस्था सहित अन्य नागरिक सुविधाओं को बेहतर ढंग से सुनिश्चित कराने के दृष्टिगत शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है।**




इसी क्रम में निगम आयुक्त श्री नारायन ने होशंगाबाद रोड स्थित विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया और आर.आर.एल. से बाग सेवनिया थाना, मिसरोद तक साईड वर्ज एवं ग्रीन बेल्ट में लगे पेड़-पौधों आदि की समुचित देखभाल न करने एवं सिंचाई आदि की समुचित व्यवस्था न होने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए संबंधित क्षेत्र के उद्यान सुपरवाइजर को कारण बताओ नोटिस जारी किया साथ ही मोबाइल कम्पनियों द्वारा केबल के चेम्बर व्यवस्थित ढंग से न बनाए जाने पर जियो एवं आईडिया कम्पनियों को नोटिस जारी करने एवं जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने बी.आर.टी.एस बस स्टॉप के कबाड़े को तत्काल उठवाने, सड़कों, नालियों व अन्य स्थानों की बेहतर साफ-सफाई कराने एवं सी.एण्ड.डी वेस्ट, कचरा आदि तत्काल उठवाने और सी.एण्ड.डी वेस्ट फेंकने वाले भूस्वामी पर जुर्माना लगाने, शराब की दुकान के पास से टपरे, गुमठी, बबूल की झाड़िया आदि हटाने तथा सीवेज चेम्बर व रोडक्रास की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री नारायन ने स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत नियुक्त किए गए नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने अधीनस्थ क्षेत्रों में साफ-सफाई के साथ ही सड़कों, फुटपाथों आदि के आवश्यक मरम्मत कार्यों को कराने हेतु कार्यवाही सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण यंत्री श्री सुबोध जैन, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री बिजेन्द्र गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने मंगलवार को प्रात: होशंगाबाद रोड स्थित आर.आर.एल, बरकत उल्ला विश्वविद्यालय, बाग सेवनिया, अहमदपुर, आशिमा मॉल, मिसरोद आदि क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था के साथ ही उद्यानिकी, सीवेज, जलप्रदाय आदि से संबंधित व्यवस्थाओं/कार्यों का अवलोकन किया और होशंगाबाद रोड के अनेक स्थानों पर साईड वर्ज, ग्रीन बेल्ट आदि में पेड़-पौधों की समुचित देखभाल एवं सिंचाई न होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की और अधीक्षण यंत्री सुबोध जैन से बात की तथा उद्यान सुपरवाइजर सहित इस क्षेत्र में तैनात उद्यान विभाग के श्रमिकों को तलब किया और समुचित देखभाल न होने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए सूखी घांस आदि भी दिखाई तथा उद्यान सुपरवाइजर श्री विकास बलुए को कारण बताओ नोटिस जारी किया। श्री नारायन ने साईड वर्ज, ग्रीन बेल्ट आदि में लगे पेड़-पौधों को व्यवस्थित करने, साफ-सफाई कराने तथा पर्याप्त मात्रा में सिंचाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए साथ ही निगम आयुक्त ने चेतावनी भी दी कि यदि कार्य में सुधार नहीं पाया गया तो निलंबन की कार्यवाही की जाएगी।

निगम आयुक्त श्री नारायन ने आशिमा मॉल के सामने हरित क्षेत्र में मोबाइल कम्पनियों द्वारा अव्यवस्थित ढंग से बनाए गए चेम्बर पर भी अप्रसन्नता व्यक्त की और संबंधित जियो/आईडिया कम्पनियों को नोटिस जारी करने व जुर्माना लगाने के निर्देश दिए।

# कॉलेज छात्र की आत्महत्या के कारणों की जांच जारी

भोपाल (काप्र)।

छोला मंदिर थाना इलाके में रहने वाले मित्तल कॉलेज के एक छात्र द्वारा जहर खाकर आत्महत्या किये जाने के कारणो दो दिन बाद भी खुलासा नहीं हो सका है। जॉच टीम के अनुसार अस्पताल से मिली सूचना पर पहुचीं पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। लेकिन घटनास्थल से सुसाइड नोट या कोई अन्य ऐसा सुराग नहीं मिला, जिससे यह कारण साफ हो सके की छात्र ने यह आत्मघाती कदम क्यो उठाया था। पुलिस मृतक के परिवार वालो सहित उसके करीबी दोस्तो के बयान दर्ज करेगी। इसके साथ ही मृतक के मोबाइल की कॉल डिटेल की भी पड़ताल की जा रही है। अधिकारियो का कहना है कि जॉच पूरी होने के बाद ही आत्महत्या के कारणों का खुलासा हो सकेगा, जिसके आधार पर आगे की कार्यवाही तय की जायेगी। थाना पुलिस के अनुसार छोला मंदिर स्थित शंकर नगर में रहने वाला शुभम प्रजापति पिता सूरज प्रजापति (19) मित्तल कॉलेज से आईटीआई की पढ़ाई कर रहा था। दो दिन पहले 14 अप्रैल की सुबह उसने घर में जहरीला पर्दाथ खा लिया था। हालत बिगड़ने पर परिवार वालो को हादसे की भनक लगी जिसके बाद उसे तत्काल ही इलाज के लिये हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया था। इलाज के दौरान रात करीब 10 बजे छात्र की मौत हो गई थी।

# दहेज में पांच लाख के लिए नव विवाहिता प्रताड़ित

**भोपाल।** अवधपुरी पुलिस ने नववहिवाहिता की शिकायत पर दहेज में पांच लाख की मांग को लेकर पति सहित तीन के खिलाफ सास और ननद के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। थाना पुलिस के अनुसार 35 वर्षीय वर्षा निमजे ने अपनी शिकायत में बताया की वह मूलत: उज्जैन की रहने वाली है। फिलहाल अवधपुरी स्थित तुलसी विहार के एक हॉस्टल में रह रही है। उसकी शादी 12 जून 2022 को तुलसी विहार फेस-2 में रहने वाले धवल कोष्टा से हुई थी। उसका पति प्रायवेट जॉब करता है। आरोप है, कि शादी के थोड़े समय बाद ही पति सहित सास गीमा कोष्टा और ननद श्रैया कोष्टा उससे पांच लाख की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर आरोपियो द्वारा उसे मानसिक और शारीरिक रुप से प्रताड़ित करते हुए उसके साथ मारपीट करने लगे। तंग आकर नवविवाहिता थाने जा पहुंची, पुलिस ने जॉच के बाद तीनो के खिलाफ दहेज एक्ट सहित अन्य धाराओ में प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है।

**मध्य रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

नागपुर डिवीजन से एनएफआर अनुबंधों के लिए ई-नीलामी निम्नानुसार आमंत्रित की गई है। विज्ञापन 1. एनजीपी-एनएफआर-आरडीएन-एनडी1/ रेल डिस्प्ले नेटवर्क मीडिया नॉन डिजिटल नागपुर प्लेटफार्म नंबर 1, एफओबी एरिया, प्लेटफार्म नंबर 6/7 और प्लेटफार्म नंबर 8 पर 3 साल की अवधि के लिए और बैतूल रेलवे स्टेशन पर 3 साल की अवधि के लिए 3 वर्ष / प्रारंभ 02.05.2024 को 15.00 बजे / समाप्त 02.05.2024 को 16.10 बजे। 2. एनजीपी-एनएफआर- बॉक्सएन-24 / 2 साल की अवधि के लिए अजनी सी एंड डब्ल्यू यार्ड में दरवाजे की सफाई और वैगन की सफाई का प्रावधान / 02.05.2024 को 15.00 बजे शुरू / 02.05.2024 को 15.30 बजे समाप्त। विस्तृत जानकारी के लिए कृपया www.ireps.gov.in पर जाएं।

01/16डीआरएम (सी) मध्य रेलवे, नागपुर

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखें

**न्यायालय तहसीलदार नजूल वृत्त एम.पी. नगर भोपाल मध्यप्रदेश**
**(7 नंबर बस स्टाप स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पास, शिवाजी नगर भोपाल)**

**इश्तहार**

**ग्राम- खजूरीकला**

**प्रकरण क्र. 3238/अ-6/2023-24**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित भूमि के नामांतरण कार्यवाही स्तम्भ 04 में अंकित के स्थान पर स्तम्भ 5 में अंकित व्यक्ति के नाम की जा रही है। अत: उक्त नामांतरण में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वे निश्चित दिनांक को या तो स्वयं किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित हों तथा नामांतरण में कोई आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें।

**क्रेता**- सचिन कुशवाहा आ. कैलाश कुशवाहा नि. गोविन्दपुरा **विक्रेता**- मे. पलक कन्स्ट्रक्शन कंपनी प्रो. संजय शर्मा।

**भूमि का विवरण**

स.क्र. 1, 1, पटवारी हल्का क्रमांक/सेक्टर क्रमांक (2)खजूरीकलां/100, ग्राम/नगरीय क्षेत्र का नाम (3) खजूरीकलां, सर्वेक्षण संख्यांक/ब्लॉक संख्यांक/भूखण्ड संख्यांक (4) 440/1क, 440/1/ग, 442 एवं 443/1 क्षेत्रफल (हेक्टेयर/वर्गमीटर में) (5) 3.01 एकड़ में. नामांतरण हेतु भूमि का क्षेत्रफल (6) प्लाट क्र. 50, रकबा 696 वर्गफिट।

नियत दिनांक 22/4/24 के बाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 16.4.24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आधीन जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**एम.पी. नगर वृत्त भोपाल**

180

**न्यायालय तहसीलदार, वृत्त-3 तहसील-हुजूर जिला भोपाल**

प्रकरण क्र. 7885/अ-6/2023-24
मौजा-बरखेड़ा नाथू तहसील हुजूर भोपाल

**उद्घोषणा पत्र**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। आवेदक श्री ग्याज हुसैन आ. श्री हुसैन खान नि. 13 काली धोबन की गली छावनी भोपाल म.प्र. द्वारा भू राजस्व संहिता की धारा 109,110 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क्रं. के आधार पर क्रय की गई भूमि स्थित ग्राम बरखेड़ा नाथू प.ह.न. तहसील हुजूर स्थित भूमि खसरा क्र. 548 /4 कुल रकबा में से 1200 वर्गफिट भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखो में आवेदक के नाम किए जाने का अनुरोध किया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 22.04.24 को या इस से पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक को 12.04.24 जारी किया गया।

**तहसीलदार,**
**तहसील-हुजूर भोपाल**

**कार्यालय हल्का नं- 77 बडवाई, राजस्व निरीक्षक वृत्त- 08 पलासी, संतहिरदाराम नगर ( बैरागढ़) -वृत्त तहसील हुज़ूर जिला भोपाल**

क्रमांक Q /प.ह. नं.77/2024
भोपाल दिनांक 01.04.2024
प्रकरण क्रमांक 0272/अ-3/2023-24

**// बटान बावत सूचना पत्र //**

**01.** जसोदी बाई पत्नी श्री मोतीलाल निवासी ग्राम बडवाई हुजुर भोपाल (आवेदिका ) **02.** परसराम आ. श्री शिवचरन निवासी ग्राम बडवाई हुजुर भोपाल **03.** सीताराम कुशवाह आ. श्री जुगल किशोर निवासी ग्राम बडवाई भोपाल **04.** प्रहलाद दस गोयल आ स्व रामनारायण गोयल नि भोपाल **05.** कीरत सिंह आ प्रभूलाल नि बडवाई **06.** समस्त हितबद्ध मेंढ पड़ोसी कास्तकार। उपरोक्त बटान प्रकरण के संबंध में माननीय न्यायलय तहसीलदार संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) - वृत्त के आदेश पत्रिका दिनांक 26/03/2024 के अनुसार मुझे / श्रीमति जसोदी बाई पत्नी श्री मोतीलाल निवासी ग्राम बडवाई हुजुर भोपाल (आवेदिका ) की भूमि खसरा क्रमांक 165/1/1/1 रकबा 0.2440हे० एवं खसरा क्रमांक 165/1/1/2 रकबा 0.0540हे० खसरा क्रमांक 165/1/1/3 रकबा 0.1260 स्थित ग्राम बडवाई पटवारी हल्का नं - 77बडवाई, राजस्व निरीक्षक वृत्त - 08 पलासी, संत हिरदाराम नगर बैरागढ़ - वृत्त तह हुज़ूर जिला भोपाल का बटान कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु आदेशित किया है। उक्त आदेश के परिपालन में मेरे/गठित दल द्वारा दिनांक 19/04/2024 को समय 02 : 09 बजे से बटान हेतु मौका स्थल निरीक्षण एवं मौका उठाने का कार्य किया जायेगा, तत्पश्चात बटान बनायी जाएगी। आपको पडोसी कृषक/हितबद्ध पक्षकार होने के कारण सूचित किया जाता है कि आप भी बटान बनाने की कार्यवाही के समय भूमि स्वामित्व सम्बंधित दस्तावेजों के साथ अपना पक्ष रख सकते हैं। आवेदक मौके पर मूल विक्रय पत्र एवं अन्य भूमि स्वामित्व सम्बंधित दस्तावेजों (मूल प्रति) के साथ उपस्थित रहें । आपकी अनुपस्थिति की दशा में बटान की कार्यवाही स्थगित नहीं की जायेगी ।

**वृत्त तहसील हुज़ूर जिला भोपाल**

168

**आम सूचना**

मेरे पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित हो कि मेरे पक्षकार के निर्देशानुसार (1) लखनलाल -पुत्र सदाराम ग्राम -बांसिया जिला भोपाल, (2) भरतलाल -पुत्र सदाराम ग्राम बांसिया जिला भोपाल, (3)श्रीमती गंगा बाई पत्नी स्व. श्री हरिराम ग्राम बांसिया जिला भोपाल के स्वत्व स्वामित्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि जिसका खसरा क्रमांक (1) 334 रकबा 0.6500 हेक्टयर, 332/1 रकबा 0.1250 हे., (2) 330 रकबा 0.1500 हेक्टयर, 303/2 रकबा 0.0200 हे. 335 रकबा 0.01800 हे., 329 रकबा 0.1200 हे., 331 रकबा 0.1600 हे., 332/2 रकबा 0.1490 हे., (3) 303/1 रकबा 0.0200 हे., ग्राम = बांसिया पटवारी हल्का न.-44 (अमझरा) तह. हुज़ूर जिला भोपाल (म.प्र) में स्थित है, जिसको मेरे पक्षकार ने क्रय करने का अनुबंध कर बयाना राशि का भुगतान विक्रेता के पक्ष में कर दिया है, उक्त कृषि भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, फर्म, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय को कोई आपत्ति हो या उक्त कृषि भूमि कहीं दान बंधक, गिरवी, हस्तांतरण, अनुबंधित इत्यादि हो तो वह व्यक्ति इस सूचना प्रकाशन के 7 दिन के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा मेरा पक्षकार उक्त वर्णित कृषि भूमि के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेगा। ऐसी स्थिति में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

भवदीय **हरीश बब्बर** अधिवक्ता
75, टैगौर नगर, फेस-1, खजूरीकलां, भोपाल म.प्र. मो. 9826071197 7697044056, 9770004467

169

**आम-सूचना**

**(बिजनेस संविधान में प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में परिवर्तन बावत)**

मेरे पक्षकार प्रिंस सिन्हा, मैनेजिंग डायरेक्टर, सिट्रीन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, एस-1, चमन प्लाजा, बी सेक्टर, इंद्रपुरी, भोपाल (म.प्र.) के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सिट्रीन टेक्नोलॉजीज जो पूर्व में प्रोपराईटरशिप फर्म के रूप में संचालित थी दिनांक 01 अप्रैल 2024 से प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में परिवर्तित होकर सिट्रीन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड में पंजीकृत हो गई है जिसका रजिस्ट्रीकरण निम्नानुसार है। CIN: U26301MP2023PTC066570 New PAN (स्थायी खाता संख्या) AALCC1525A New GSTIN No.: 23AALCC1525AIZD (वस्तु एवं सेवा कर पहचान संख्या) TAN No.- BPLC05334A इस परिवर्तन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, फर्म, शासकीय व गैर शासकीय कार्यालय को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। तत्पश्चात् कोई भी आपत्ति / दावा मान्य नहीं होगा।

**मोहम्मद दानिश खान** अधिवक्ता
Suvidha LawCamber
Opposite Old Vidhan Sabha Bhopal
Mob.7338011017

167

**जाहिर सूचना**

मेरे पक्षकार **वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कार्पोशन लि.** भोपाल की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री पुरूषोत्तम विश्वकर्मा आत्मज श्री मोहनलाल, निवासी बैरसिया भोपाल के द्वारा वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कार्पोशन लि. भोपाल से ऋण प्राप्त किया जा रहा है। जिसके संव्यवहार में एक दान पत्र जिसका विवरण दिनांक 18/05/2022 जिसका पंजीयन MP059722022A1508050 जो कि श्री पुरूषोत्तम विश्वकर्मा आत्मज श्री मोहनलाल के नाम से है उक्त संपत्ति जिसका पता-एक किता भूखण्ड जिसका क्षेत्रफल 400 वर्गफीट, रसीद क्रमांक 83 बुक न. 80 स्थित वार्ड 04, मांग पंजीका सरल क्रमांक 111, ग्राम बसई, तहसील बैरसिया जिला भोपाल (म.प्र.) है, उक्त संपत्ति को गिरवी रख कर ऋण प्राप्त किया जा रहा है। यह कि उक्त एक किता भूखंड जिसका क्षेत्रफल 400 वर्गफीट, रसीद क्रमांक 83 बुक न. 80 स्थित वार्ड 04, मांग पंजीका सरल क्रमांक 111, ग्राम बसई, तहसील बैरसिया जिला भोपाल (म.प्र.) के संव्यवहार व उक्त दान पत्र के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक का कोई ऋण, भार, दान, बंधक, अनुबंध हो अथवा इस अंतरण से किसी के कोई हित प्रभावित हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय दस्तावेजी साक्ष्य सहित मेरे समक्ष निम्न पते पर लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें, उक्त निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बंधक रख ऋण सुविधा प्रदान करने हेतु स्वतंत्र रहेंगे एवं उक्त अवधि पश्चात् प्राप्त होने वाली आपत्तिया मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होंगी।

भवदीय-**विनीत चौधरी** अधिवक्ता
कार्यालय-हिन्दुस्तान चेम्बरर्स चेम्बर क्र.-21, प्लाट न.-59, एम.पी.नगर, भोपाल
मो.-7000120671,9893677125

158